तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 30 मार्च 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ दो गिरफ्तार...


12 नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों ...


## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## ग्रहों की स्थिति के अनुसार इस साल के राजा और मंत्री होंगे सूर्य देवता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- नव वर्ष के पहले दिन सूर्य, चंद्रमा, शनि, बुध और राहु एक साथ मीन राशि पर रहेंगे

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यानी 30 मार्च से हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरुआत हो रही है, जो एक नई शुरुआत और आशाओं का प्रतीक है। हिन्दू धर्म में इस दिन का विशेष महत्व है, क्योंकि मान्यता है कि इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना शुरू की थी। इस दिन ब्रह्मांड में नए मंत्रिमंडल का गठन भी होता है, जो पूरे वर्ष के घटनाक्रमों को प्रभावित करता है। 100 साल बाद इस दिन 5 ग्रहों की युति होने जा रही है। इस दिन चंद्रमा, शनि, बुध, राहु और सूर्य की मीन राशि में युति से बुधादित्य योग और मालव्य राजयोग का निर्माण होने जा रहा है।

# 100 साल बाद हिंदू नववर्ष के प्रथम दिन पांच ग्रहों की बन रहा महायोग




**हिंदू नववर्ष के 12 माह**

हिदू नववर्ष की शुरूआत आज से हो रही है और हिदू नववर्ष की शुरूआत चैत्र माह से होती है उसके बाद क्रमशः वैशाख, ज्येष्ठ आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष पौष, माघ और फाल्गुन हिंदू नववर्ष का अंतिम माह होता है।

सनातन धर्म में हिंदू नव वर्ष का विशेष महत्व होता है। इस साल के हिंदू नव वर्ष में ग्रहों की स्थिति की बात करें तो राजा और मंत्री सूर्य देवता होंगे, जो अपने आप में शुभ संकेत है, वहीं ज्योतिष गणना के अनुसार हिंदू नव वर्ष में कई दुर्लभ योगों का निर्माण हो रहा है। हिंदू नव वर्ष की शुरुआत हो 30 मार्च से रही है, जो दुर्लभ ग्रह योग के साथ आरंभ होगा। नव वर्ष के पहले दिन सूर्य, चंद्रमा, शनि, बुध और राहु एक साथ मीन राशि में रहेंगे, जिससे पंचग्रही योग का निर्माण होगा। इस योग के प्रभाव से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। एक साथ कई ग्रह इस दिन मिल रहे हैं, जिसका प्रभाव मानव जीवन समेत सभी राशियों के जातकों पर सकारात्मक और नकारात्मक रूप से देखने को मिलेगा। सूर्य और चंद्रमा की स्थिति नए साल के दिन सूर्य मीन राशि में रहेगा, जो आध्यात्मिकता, अंतर्ज्ञान और मानसिक शांति को बढ़ावा देगा। चंद्रमा मेष राशि में रहेगा, जो आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ाएगा। शनि और बृहस्पति का प्रभाव शनि मकर राशि में रहेगा, जो कर्म प्रधानता और अनुशासन बढ़ाएगा। बृहस्पति (बृहस्पति) वृषभ राशि में स्थित होगा, जो आर्थिक मामलों में स्थिरता और व्यावसायिक प्रगति का संकेत देता है। मंगल और राहु-केतु की भूमिका मंगल मिथुन राशि में रहेगा, जो संचार और प्रौद्योगिकी से जुड़े क्षेत्रों में तेजी लाएगा। राहु मीन राशि में और केतु कन्या राशि में रहेंगे, जिससे आध्यात्मिकता में वृद्धि होगी और राजनीतिक क्षेत्र में कुछ उथल-पुथल होगी।

## झूलेलाल मंदिर के साथ-साथ आसपास की गई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में जन सहयोग संस्था के द्वारा एक दिन पहले 29 मार्च को सुबह मंदिर परिसर के आसपास साफ सफाई का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर के उपरांत तालाब परिसर एवं सड़क की भी सफाई किया गया। इस अवसर पर संस्था के अलावा समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। झूलेलाल जयंती आज है और उसके एक दिन पहले जनसहयोग संस्था के सदस्यों के द्वारा मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान उपस्थित समाज के वरिष्ठजन राजकुमार फव्यानी ने बताया कि 30 मार्च रविवार को सुबह साढ़े 8 बजे झूलेलाल मंदिर में प्रार्थना पूजा आराधना होगी तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। दोपहर को पुराने कम्युनिटी हॉल में लंगर का कार्यक्रम है और शाम को जुलूस कार्यक्रम परंपरा के अनुसार निकाला जाएगा। जनसहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा समाज से सुनील वासवानी, अमर मोटवानी, संजू मोटवानी, सच्चानंद भाषवानी, प्रेम फव्यानी, रमेश जवरानी, दीपक पंजवानी, सुनील मोटवानी, लखन लाल शर्मा, जगदीश मोटवानी का सहयोग उल्लेखनीय ▸▸| शेष पेज 12 पर

## मां बंजारी माता मंदिर में होगी घटों की स्थापना



**दुर्गूकोंदल।** आदि शक्ति बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिन्हा ने बताया कि आस्था के ज्योत 30 मार्च को पहाड़ वाले मंदिर में 11 बजकर 36 मिनट से से 12 बजकर 24 मिनट के मध्य घट स्थापना होगी वहीं नीचे वाले मंदिर में 2 बजे ज्योत प्रज्वलित होगी। पर्व के दौरान प्रतिदिन धार्मिक पूजा पाठ सेवा गीत अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## कार की टक्कर से मासूम की मौत चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर




नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम ढोढ़रापहर में दुकान से घर वापिस लौट रहें बच्चे को कार चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। कार की टक्कर से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। ईलाज के लिए बच्चे को सीएचसी नरहरपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे 36 वर्षीय राकेश कुमार परचाकी पिता फागू राम परचाकी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मेरे दो बेटे है, बड़े बेटे का नाम ठोमेंद्र कुमार परचाकी उम्र 10 वर्ष एवं छोटे लड़के का नाम कीर्तन परचाकी उम्र 6 वर्ष है। बड़ा बेटा ठोमेंद्र कुमार परचाकी 28 मार्च को दोपहर साढ़े 12 बजे के आसपास गांव ढोढ़रापहर के दुकान में कुछ सामान लेने गया था। सामान लेकर जब वापिस मेन रोड पार कर रहा था, तभी सरोना तरफ से आ रही वाहन ▸▸| शेष पेज 12 पर

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411



## खबर संक्षेप


योगेन्द्र


हिमांशु

### योगेन्द्र व हिमांशु नवोदय विद्यालय में चयनित

**नरहरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय सत्र 2025-26 के लिए जीनियस इंग्लिश मीडियम स्कूल दुधावा से दो विद्यार्थियों योगेंद्र नागे, पिता रुखमगन नागे, ग्राम-सारवंडी एवं हिमांशु यादव पिता तीरथ राम यादव, ग्राम बरकई का नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। छात्र योगेंद्र नागे ने पूरे कांकेर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय एवं पूरे कांकेर जिले सहित माता-पिता का नाम रोशन किया है। बच्चों के चयनित होने पर संस्था के प्राचार्य येजन्त देव निषाद एवं स्कूल के समस्त शिक्षकों ने चयनित बच्चों की उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुकामनाएं दी है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** कोयलिबेड़ा थानांतर्गत केंवटपारा कोयलिबेड़ा निवासी 19 वर्षीय जशवंत निषाद ने 27 मार्च को सुबह 10 बजें जिरामतराई के खेत लाड़ी की ओर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। केवटपारा निवासी दशरू राम निषाद ने पुलिस को बताया कि मृतक खेत की ओर लाड़ी में सोने के लिए गया था। सुबह पता चला कि मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

### शीतला तालाब में आज होगी गंगा महाआरती

**कांकेर।** हिन्दू नववर्ष के पावन उपलक्ष्य पर 30 मार्च की शाम को मां शीतला माता मंदिर में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी गंगा महाआरती शीतला तालाब शीतलापारा में आकर्षक लाइट डेकोरेशन, आतिश बाजी के साथ हिन्दू नववर्ष 30 मार्च विक्रम संवत 2082 नवरात्र के प्रथम दिवस शाम 6 बजे से भक्तिमय आर्केस्ट्रा ग्रुप धमतरी की भजन मंडली के साथ शुभारंभ होगा।

### बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत जैसाकर्रा ढाबा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 27 अक्टूबर को शाम साढ़े 6 बजें जैसाकर्रा ढाबा के पास आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 5907 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट किया था। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

### बारगरी में कल से भागवत की कथा

**चारामा।** नवरात्र प्रारंभ के साथ चारामा क्षेत्र के ग्राम बारगरी नयापारा में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन हो रहा है। नायक परिवार द्वारा कराए जा रहे भागवत महापुराण का आयोजन 30 मार्च से 7 अप्रैल तक होगा। कथा व्यास पंडित दाऊलाल तिवारी द्वारा भागवत महापुराण कथा का श्रवण कराया जाएगा। 30 मार्च देव आव्हान स्थापना, वेदी पूजन, कलश यात्रा, गौकर्णोपाख्यान, महात्म्य की कथा का श्रवण कराया जाएगा और कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है।

### प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से महिला घायल

**बीजापुर।** जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़गा में नक्सलियो द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। बोड़गा गांव की रहने वाली महिला आज सुबह महुआ बिनने के लिये जंगल गई हुई थी। इन्द्रावती नदी पर ताड़ोपोट घाट पर बर्तन धोकर वापस घर जा रही थी, साढे 6 बजे के आसपास नक्सलियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई । घायल महिला के दोनोपैर में चोट आई, बांया पैर घुटने से नीचे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। विदित हो कि इससे पूर्व नक्सलियों के द्वारा लगाये गये आईईडी की चपेट में आने से गांव बोड़गा के दो मासूम बच्चों की मौत हो गई थी।

---

**सफलता : भानुप्रतापपुर पुलिस ने किया खुलासा**

# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ दो गिरफ्तार, चार वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर पुलिस ने बाईक चोर गिरोह का खुलासा किया। पुलिस ने चोरी के मामले में दो युवक को पकड़ने में अहम सफलता मिली है। युवको के पास से चोरी की 4 बाईक बरामद किया। भानुप्रतापपुर थाना अंतर्गत कुछ दिनो से दुपहिया वाहन की चोरी की घटना बढ़ती जा रही थी, जिसके जांच में पुलिस जुटी हुई थी और आखिरकार भानुप्रतापपुर पुलिस को सफलता हाथ लग गई।

भानुप्रतापपुर पुलिस को 28 मार्च की रात 8 बजें जानकारी मिला कि चोरी की मोटर सायकल एक घर में दिखाई दिया है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस मौके पर रवाना हुई, जहां 4 मोटर सायकल खड़ी थी। चोरी की होने के अंदेशा पर संदेही को थाना भानुप्रतापपुर लाया गया। पूछताछ करने पर 4 मोटर सायकल चोरी करना पाया गया। पूछताछ करने पर आरोपी बसंतनगर नारायणपुर निवासी 21 वर्षीय दियानत खान पिता अमिर हामजा खान ने बताया कि 4 नवंबर 2024 की रात 10 बजें मनी लाल उसेंडी और रोशन नेताम के साथ शराब दुकान के पास से एक व्यक्ति से मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 9480 कीमत करीबन 18 हजार रूपएं एवं मोटर सायकल मालिक से 500 रूपएं नगद पैसा के साथ एक नग मोबाईल किमती करीबन 15 हजार रूपएं को लूट कर मोटर सायकल से तीनो घर आए और मोटर सायकल को घर में रखा था। मोटर सायकल को मोडीफाईड कर दिया हूं और मोबाईल को मनीराम उसेंडी रखा है। लूटे हुए 500 रूपएं को तीनों मिलकर खाने पीने में खर्च किया। उसके बाद 7 फरवरी को रेल्वे स्टेशन कन्हारगांव पार्किंग स्थान से एक पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 बीएक्स 3570 कीमत करीबन 60 हजार रूपएं, 28 फरवरी को रेल्वे स्टेशन पार्किंग स्थान से पल्सर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 4385 कीमत 80 हजार रूपएं को चोरी कर अपने घर में रखा था। उसके बाद 25 मार्च को हाई स्कूल मैदान भानुप्रतापपुर से मोटर सायकल पल्सर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 2276 कीमत लगभग 70 हजार रूपएं को मैं तथा बसंतनगर नारायणपुर निवासी शाहिद रजा पिता मोहम्मद हुसैन रजा के साथ चोरी कर अपने घर बसंतनगर में रखकर चारों मोटर सायकल के पाटर्स को बदली कर मोडीफाईड कर दिए थे।

भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी बसंतनगर नारायणपुर निवासी 21 वर्षीय दियानत खान पिता अमिर हामजा खान और तहसीलपारा भानुप्रतापपुर निवासी 21 वर्षीय मनी लाल उसेंडी पिता स्व. दयाराम को गिफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। फरार एक चोर की तलाश पुलिस करने में जुटी है, जल्द मोटर सायकल तीसरा चोर भी पकड़ाएगा। प्रकरण में थाना प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर देशमुख, उनि कीर्तु राम दीवान, नरोत्तम लाटिया, विजय कटकवार, टोमन साहू का योगदान रहा।

---

## मानस के संदेशों को जीवन में करें चरितार्थ : आशाराम





हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोरर

विधानसभा भानुप्रतापपुर के अंतर्गत ग्राम सेलेगांव मे त्रिदिवसीय मानस गान सम्मलेन के तीसरे दिन समापन कांकेर विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्यि एवं अन्य अतिथियों जिला भाजपा मंत्री अनूप सिंह राठौर, कोरर मंडल अध्यक्ष पीयुष कश्यप, धनेलीकान्हार भाजपा मण्डल अध्यक्ष डाकेश साहू, ग्राम चिल्हाटी के उप सरपंच ईश्वर यदु,नरेंद्र शर्मा की उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि यह आयोजन लोगो को एक सूत्र मे बाँधने मे सहयोग करता है और साथ ही हमारी हिन्दू धर्म एवं सनातन के मान बिन्दुओ को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने में सहयोग करता है। यह कार्यक्रम सभी गांवो में सुख व समृद्धि को प्रदान करता है। उन्होने कहा कि आज बेटी पढ़ाव, बेटी बचाव के साथ बेटा भी पढ़ाव और बेटा को भी बचाव का अभियान चल रहा है, क्योकि आज पुरुष समाज नशा के गिरफ्त में फंस रहा है, अपने माँ व पिता का सम्मान करे, अपने संस्कार को बचाए और सुखमय जिंदगी जिए। गांव मे भाईचारा बनाए और अपनी सनातन संस्कृति का सम्मान करें, उसे संजोकर रखें। ऐसे आयोजन प्रतिवर्ष हर ग्राम में होने चाहिए, जिससे हमारे आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और समाज को संस्कारवान बनाने में साथ ही सामाजिक जीवन में समाज के साथ सामंजस्य बनाकर एक अच्छा नागरिक बनने में सहजता हो, रामचरितमानस को अपने जीवन में चरितार्थ करें।

---

## चिकित्सा अधिकारी के लिए सम्मान दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में पदस्थ वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएस नाग का शासकीय सेवा से अर्द्धवार्षिक सेवा आयु पूर्ण होने पर सह सम्मान विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचएल ठाकुर और खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी रत्ना पॉल के द्वारा सर्वप्रथम डॉ. एसएस नाग का तिलक, पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और श्रीफल दिया गया।

तत्पश्चात डॉ. एसएस नाग द्वारा अपने शासकीय सेवा कार्य को याद कर अनुभव को सबके सामने साझा कर भावुक हो गए। प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी ने विदाई समारोह के दौरान कहा कि डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप कहते है। जब तक वह जीवित रहता है, कभी वह अपने कार्य से सेवानिवृत नहीं होता है। जीवन के अंत तक वो चिकित्सीय सेवा का कार्य करता है। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बृजेश ऊके ने कहा कि डॉ. नाग का व्यकित्व हमेशा से ही सरल सहज व मृदुभाषी रहा है। अपनी अर्द्धवार्षिक सेवा आयु कार्य पूर्ण निपुणता, कुशलता एवं स्वस्थ रहकर पूर्ण किया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी होने के नाते आगे भी उनके अनुभव का लाभ हमारे हॉस्पिटल को हमेशा प्राप्त होते रहेगा। समस्त चिकित्सा अधिकारियो के द्वारा डॉ. नाग को स्मृति स्वरूप उपहार दिया गया।

इस अवसर पर विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक प्रशांत मर्सकोले, सुशांत ठाकुर, रजनी गजभिए, भुनेश्वरी नेगी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. दरियों, डॉ.सरदार, डॉ. देवांगन, डॉ. भूआर्य, इशरत बेगम, अश्विनी सिंहा, अशोक ठाकुर व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

---

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आज महा गृहप्रवेश

**कांकेर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत 30 मार्च को हिंदू नववर्ष के अवसर पर सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी हरेश मंडावी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में राज्य भर में 3 लाख पूर्ण आवासों के हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम कराया जाएगा। इस कड़ी में कांकेर जिले में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले में 9745 पूर्ण आवास है, जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत कांकेर में 2363 पूर्ण आवास के हितग्राहियों के घरों में जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में रंगोली, सज्जा एवं दीप प्रज्वलन कर पारंपरिक रीति रिवाज से गृह प्रवेश कराया जाएगा।

---

## जनपद उपाध्यक्ष ने सभा गांव में किया जनता का अभिवादन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल



नवनिर्वाचित जनपद उपाध्यक्ष आनन्द तेता का अपने जनपद क्षेत्र के गाँव गाँव तक आभार रैली गुरुवार और शुक्रवार को निकाला गया, जिसमें सभी जनताओं तक पहुँचने का प्रयास किया गया।जनता ने खूब आशीर्वाद व सहयोग प्रदान किया।

आभार रैली ग्राम पंचायत भीरावाही से शुरू किया गया जिसमें जिसमें सरपंच भीरावाही हिरेसिंह दर्रो, वार्डपंच व ग्रामीणों के द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचयात झिटकाटोला की सरपंच दुर्गा ध्रुव व ग्रामीणों के द्वारा स्वागत किया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत परेंकोड़ो में सरपंच सीता गावड़े व ग्रामीणों से साथ स्वागत वंदन कर पूरे गाँव में भ्रमण करवाया तथा गाँव की समस्याए जैसे गली लाइट, सोलर टंकी और विशेष कर महिला समूह के दीदीयों से अजीविका योजना पर चर्चा कर समस्या निदान के लिए अस्वस्थ कराया और पेयजल हेतु अवगत कराया। अंत में आभार रैली उपाध्यक्ष के गृह ग्राम पंचयात हाट कोंदल में पहुंचे, जहाँ सरपंच हरिषा मण्डावी, वार्ड पंच व ग्रमीण महिलाये के द्वारा स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जनपद प्रतिनिधि सोमदेव कोरेटी, राजू संघोड़यि व चारो पंचायत के ग्रामीण बलवंत यादव, रमेश कावड़े, लकी राज यादव, दीपक यादव, कलेजन तेता,विष्णु राम तेता, रमूला तेता, सुहाता उसेंडी, संतोष, रोहित, सुरेंद, वीरू, चेतन पटेल, पिंटू कोरतिया, आनन्द जैन, देवनाथ जैन, संतोषी, तीजन, पूसाऊ दुग्गा, रवि मण्डावी, रामप्रसाद तारम व अन्य सियान उपस्थित रहे।

---

## सिलतरा में मनाई गई मां कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धनेलीकन्हार

विकासखंड कांकेर के अंतर्गत ग्राम सिलतरा में परिक्षेत्र साहू समाज द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती मनाया गया। कार्यकम के पूर्व कलश यात्रा व डीजे की धुन पर पूरे ग्राम का भ्रमण कराया गया। कलश यात्रा वापस कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। समाज प्रमुखों द्वारा मां कर्मा के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर महा आरती किया।

समाज की संस्कृति परंपराओं और रीति रिवाजों को प्रदर्शित करता है। कर्मा जयंती साहू समाज के लिए महत्त्व पूर्ण त्यौहार है। कार्यक्रम में विशिष्ट के रूप में निज सचिव विधायक विधान सभा क्षेत्र कांकेर अध्यक्ष बलराम साहू, संतोष दावना, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य सरस्वती कैमरों, नितेश सलाम, सरपंच करुणा नेताम, मिथलेश कावड़े, सुनीता नरेटी, लक्ष्मी चिराम, संत लाल दावना, राम रतन साहू व देवेन्द्र साहू, शेखर साहू, मदन भागवत साहू, महेंद्र गंजीर, चीनी लाल हिरवानी, प्रताप गंजीर, नारद साहू, बाबू लाल साहू, सुरजन साहू, रूपधर साहू, राजाराम गंजीर, शुकदेव साहू, गन्नू राम साहू, मनोज साहू, संतोष साहू, श्याम साहू, कमल कांत साहू, दिलेश्वर साहू, बीरबल साहू, मीणा साहू, बबीता साहू व अन्य लोग उपस्थित रहें।

---

## भीषण गर्मी को देखते हुए प्रातःकालीन शाला संचालन का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा सौंप गए ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर अशोक पटेल ने भीषण गर्मी को देखते हुए जिले में 1 अप्रैल से प्रातःकालीन स्कूल संचालन करने का आदेश किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के विद्यालयों में भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए प्रातःकालीन शाला संचालन किए जाने संबंधी निर्देश जारी किए गए थे। इसके परिपालन में प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रातःकालीन शाला संचालन के लिए आदेश प्रसारित कर दिया गया था। संघ प्रतिनिधिमंडल द्वारा कांकेर जिले में भी इस बाबत शीघ्र आदेश प्रसारित किए जाने के साथ-साथ स्थानीय परीक्षा के समय में परिवर्तन करने की मांग किए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने एसोसिएशन की मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिले में प्रातः कालीन शाला संचालन संबंधी आदेश जारी कर दिया।

---

## 2 महिला सहित 5 नक्सली गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम

अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन, गोविन्द दीवान एसडीओपी बारसूर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी विजय पटेल के नेतृत्व में गीदम पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

थाना गीदम क्षेत्र में प्रतिबंधित माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी तथा बस्तर फाइटर की टीम के द्वारा नियमित गश्त किया जा रहा था। शुक्रवार को मुखबीर की सूचना पर तुमनार नदी घाट के पास कुछ माओवादियों की उपस्थिति की खबर पर दंतेवाड़ा डीआरजी तथा बस्तर फाइटर की टीम रात्रि गस्त में रवाना हुआ था। वापसी के दौरान सुबह नेलगोड़ा तुमनार के नदी घाट के पगडंडी के पास जैसे ही टीम पहुंची पुलिस बल को देखकर कुछ लोग छिपने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर मौके पर ही दो महिलाओं सहित पांच लोगों को पकड़ा गया।

---

पेज 11 के शेष...

### झूलेलाल मंदिर...

रहा। महिलाओं एवं बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित समाज के लोगों ने कहा कि त्योहार के एक दिन पहले सफाई अभियान चलाया गया और स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### कार की टक्कर...

क्रमांक सीजी 04 टीयू 1593 के चालक करप निवासी टिकेश्वर शोरी पिता प्रताप सिंह शोरी द्वारा वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मेरे बेटे को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे बेटे के सिर में गंभीर चोट आई। घायल को ईलाज के लिए सीएचसी नरहरपुर लेकर गए। सीएचसी में उपस्थित चिकित्सकों ने बालक को प्राथमिक जाँच करते हुए उसे मृत घोषित किया। हम लोगों ने घटना की जानकारी नरहरपुर पुलिस को दिया। घटना की खबर मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा और प्राथियां की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---

**शिक्षा ही समृद्धि की नींव है: विधायक**

# नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को विधायक ने दी शुभकामनाएं, किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल



जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा को लेकर विधायक सावित्री मंडावी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी परीक्षार्थियों को प्रोत्साहित किया। विशेष रूप से दुर्गूकोंदल से पहली बार कक्षा 6 वीं के लिए चयनित हुए 20 बच्चे, चारामा से 6 वीं के लिए 18 व 9 वीं के लिए 3 इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विकासखंडों से 12 छात्र-छात्राओं को सफलता के लिए शुभकामनाएं दिया।

विधायक मंडावी ने कहा शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के विकास की आधारशिला है। नवोदय विद्यालय जैसे संस्थान ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का मौका देते हैं। आप सभी की मेहनत और लगन ही सफलता की कुंजी है। छात्रों के परिवारों और शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर प्रयास करने वाले दुर्गूकोंदल की टीम खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, अंजनी मंडावी सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, लतिफ सोम बीआरसी, संजय वस्त्रकार, ईश्वरी सिन्हा, राजकुमार चन्द्राकर व समस्त सीएससी, संकुल प्राचार्य, प्रधान पाठक व विषय शिक्षक व चारामा से बीईओ केशव साहू, एबीईओ भावना नरेटी, एमन जैन, भानुप्रतापपुर बीईओ सदे सिंह कोमरे, एबीईओ दुर्गेश शोरी, राधे नुरूटी व अन्य के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के सपनों को साकार करने में आप सभी की भूमिका अहम है।

---

## श्री झूलेलाल जन्मोत्सव पर आज होंगे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



सिंधी समाज के आराध्य देव श्री झूलेलाल भगवान के 1075वाँ अवतरण दिवस पर श्री झूलेलाल जन्मोत्सव चेट्रीचंद्र महोत्सव का आयोजन आज 30 मार्च को किया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत कांकेर के द्वारा 24 मार्च से 30 मार्च तक प्रतिदिन सुबह साढ़े 5 बजे से प्रभात फेरी पूज्य सिंधु गुरुद्वारा से निकाला गया।

29 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आनंद मेला का आयोजन रात 8 बजे से पुराना कम्युनिटी हॉल में किया गया। चेट्रीचंद्र महोत्सव में आज 30 मार्च को श्री झूलेलाल मंदिर में सुबह साढ़े 8 बजे आरती एवं पल्लव तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। युवाओं द्वारा बाईक रैली डीजे के साथ 11 बजे श्री झूलेलाल मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए पुराना कम्युनिटी हॉल में समापन किया जाएगा और दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक पुराना कम्युनिटी हॉल में आम भण्डारा का आयोजन एवं विशाल शोभा यात्रा आयोजन शाम 04 बजे रमा लॉज चौक से नगर भ्रमण करते हुए श्री झूलेलाल मंदिर में समापन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### झूलेलाल जन्मोत्सव पर महादेव घाट की साफ-सफाई



**जगदलपुर।** साईं झूलेलाल जन्मोत्सव 1075वां वर्ष श्री पूज्य सिन्धी पंचायत मना रही। इस दौरान गुरु संगत गुरुद्वारा कमेटी के तत्वाधान में सिन्धी समाज के सेवादारों एवं साध संगत द्वारा अमृत स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत महादेव घाट के दोनों घाटों के सीढ़ी व किनारो की सफाई की गई। साथ ही परिसर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई की गई। साईं झूलेलाल जन्मोत्सव के अंतर्गत स्वछता वाले कार्यक्रम का शुभारंभ सिन्धी पंचायत के मुखी मनीष मूलचंदानी ने बताया की महादेव घाट स्थल की साफ सफाई करने का उद्देश्य यह हैं की यहां झूलेलाल जन्मोत्सव की रात बहराणा साहिब, ज्योत, आखो को आरती के पश्चात विसर्जित किया जाएगा।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का ऑनलाइन शुभारंभ

**जगदलपुर।** कुलपति डॉ गिरीश चंदेल के निर्देशानुसार एवं डॉ एसएस टुटेजा निदेशक विस्तार सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र, बस्तर में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। ए-हेल्प अंतर्गत पशु सखियों हेतु राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं एवं छत्तीसगढ़ राज्य पशुधन विकास अभिकरण के संयुक्त तत्वाधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ देवेंद्र कुमार नेताम,संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, बस्तर के मुख्य अतिथ्य में एवं डॉ संतोष कुमार नाग, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र, बस्तर की अध्यक्षता में दिनांक 28 मार्च को आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ संतोष नाग ने बताया की ए-हेल्प योजना भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की एक नई पहल है,जो पशुपालन की गतिविधियों के लिए एनआरएलएम के एसएचजी प्लेटफार्म की सेवाओं का लाभ प्रदान करती है।

विहिप और बजरंग दल समेत सर्व हिन्दू समाज भव्य तैयारी में जुटा

# मातृ शक्ति दंतेश्वरी मंदिर से स्कूटी रैली निकालेगी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




- 6 अप्रैल को रामनवमी पर शहर में निकलेगी भव्य और दिव्य शोभायात्रा

विश्व हिन्दू परिषद श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा हिन्दू नव वर्ष एवं श्रीराम जन्मोत्सव भव्य एवं वृहद रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। 30 मार्च चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नव वर्ष के प्रथम दिन से लेकर नवमी तिथि तक प्रत्येक दिन विश्व हिन्दू परिषद, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी, बजरंग दल द्वारा विविध धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। इस दौरान बस्तर जिले के समस्त प्रखण्डों (ब्लाकों) के सभी ग्रामों में श्रीराम जन्मोत्सव मनाने के लिए जागरण आमंत्रण बाइक रैली किए जाएंगे। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता ने दी। सीताराम शिवालय में शनिवार को आयोजित पत्रवार्ता में विहिप के प्रदेश व जिला पदाधिकारी पत्रकारो से रूबरू थे। जिलाध्यक्ष गुप्ता ने बताया श्री राम नवमी पर्व भव्य और दिव्य रूप से मनाने विहिप-बजरंग दल समेत सर्व हिन्दू समाज द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है। कार्यकम के प्रथम दिन मातृशक्ति द्वारा स्कूटी रैली माता दंतेश्वरी मंदीर से निकाल शहर के विभिन्न मार्गो से होते वापस दंतेश्वरी मंदीर पहुंच भजन-कृतन महाआरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। गुप्ता के अनुसार 6 अप्रैल को श्री राम जन्मोत्सव के पहले हर ब्लाक मुख्यालय में बजरंगियों की बाइक आमंत्रण रैली निकाली जाएगी। मुख्य रूप से नानगुर ब्लाक के ग्राम बिलोरी में 30 मार्च को विहिप-बजरंग दल के अगुवाई ने श्री हनुमान मंदिर भूमिपूजन किया जाएगा। इस दौरान मातृशक्ति द्वारा 2 अप्रैल दोपहर 3 बजे शांति नगर स्थित मां दुर्गामंदिर से चुनरी यात्रा निकलेगी जिसे माता दंतेश्वरी मंदिर पहुंच माता को अर्पित की जाएगी। साथ ही 5 अप्रैल को मातृशक्ति द्वारा दंतेश्वरी के समक्ष भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है। योगेंद्र कौशिक ने पत्रकारों को जानकारी देते कहा प्रभु श्री राम जी का 14 वर्ष के वनवास में सर्वाधिक समय दंडकारण्य में बीता। दण्डकारण्य जिसे बस्तर के नाम से जाना गया। इसी दण्डकारण्य में भगवान श्री राम की सेवा हमारे बस्तर के आदिवासियों ने की। जिस मार्ग से प्रभु श्री राम पैदल चले उस बस्तर की धरा ने कांटा नही था,आज भी बस्तर की धरा में कांटा नही है। इस दौरान नवीन देवांगन,नरेश कोरी,पवन राजपूत,अनिल अग्रवाल,घनश्याम नाग,गौरव ठाकुर,प्रेम चालकी, शत्रु धन कश्यप समेत अन्य विहिप-बजरंग दल के अन्य पदाधिकारी व कर्मकर्ता सम्मलित थे।

विहिप के प्रदेश पदाधिकारी रवि ब्रम्हचारी बे बताया बजरंग दल के नेतृत्व में 4 अप्रैल दोपहर 2 बजे से श्रीराम जन्मउत्सव वृहद आमंत्रण रैली मां दतेश्वरी मंदिर प्रांगण से निकलेगी जो शहर के सभी वार्डो से होते आड़ावाल,आसना से वापस मां दंतेश्वरी प्रांगण में सम्पन्न होगी।

# छत्तीसगढ़ में साहू समाज का विशेष योगदान : किरण देव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भक्त माता कर्मा की भक्ति से सम्पूर्ण देश परिचित है। माता कर्मा जयंती के प्रेणना से आज साहू समाज आगे बढ़ रहा है। साहू समाज का छत्तीसगढ़ प्रदेश में विशेष योगदान है। समाज के लोग हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे है। प्रदेश के सभी शासकीय विभागों में भी समाज के बड़ी संख्या में लोग कार्यरत है। उक्त बातें भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक किरन देवसिंह ने कही।

- भगवान जगन्नाथ की भक्त माता कर्मा सनातन धर्म को आगे बढ़ाने लोगों को किया प्रेरित : संजय पांडे

मुख्यातिथि किरण देवसिंह ने कहा साहू समाज के छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास में विशेष योगदान है। समाज के उत्तरोत्तर विकास की कामना करते देव ने कहा साहू समाज के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर में समाज भवन के लिए जमीन और 5 करोड़ रुपये प्रदान किया। जगदलपुर में भी साहू भवन निर्माण में आर्थिक योगदान देने की घोषणा की। महापौर संजय पांडे ने भक्त माता कर्मा को भगवान जगन्नाथ जी का अन्यन भक्त बताते उन्हें सनातन धर्म को आगे बढाने में दिए योगदान के विषय मे जानकारी दी। साथ ही कहा पूरे प्रदेश में साहू समाज का वर्चस्य है। समाज के लोगो मे एकजुटता है। इसलिए पूरे प्रदेश प्रदेश में सामाज की धाक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हरिलाल साहू,साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू,विशिष्ठ अतिथि कर्वधा के पूर्व विधायक अशोक साहू,बालोद के पूर्व विधायक प्रीतम साहू व अन्य वक्ताओं ने भी माता कर्मा की भक्ति पर जानकारी दी। शहर के सिरासार भवन में शनिवार को बस्तर जिला साहू संघ के तत्वाधान में भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,जिला पंचायत सदस्य बिंदु हरि साहू,कृष्णकांत पवार,सुभाष गंजीर,गोदावरी साहू,मोहन कुमारी समेत बड़ी संख्या में समाज की मातृ शक्तियां,पुरुष कर्मकर्ता,युवक-युवतियां,वरिष्ठजन और बच्चे सम्मलित थे।

## गणित प्रदर्शनी का महापौर ने किया उद्घाटन...



जगदलपुर। शहर के सेंट जेवियर्स हाई स्कूल चांदनी चौक में आज गणित की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए गए थे, जिसका उद्घाटन महापौर संजय पाण्डे ने किया । इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों के परिणाम की भी घोषणा की गई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वालों को महापौर के हाथों प्रमाण पत्र दिया गया साथ ही उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में महापौर के द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे प्रोत्साहित किया गया।

# बिना लाइनमेन के 40 बकायादारों की रायपुर ऑनलाइन से बटन दबाकर काटी लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर संभाग के सातों जिलों के उपभोक्ताओं पर लगभग 2 अरब रूपए का बिजली बिल बकाया है,

- सात जिलों के उपभोक्ताओं पर 2 अरब रूपए का बिजली बिल बकाया
- विद्युत कंपनी ईडी ने डिस्कनेक्शन अभियान का किया समीक्षा बैठक

इसमें से शासकीय विभागों पर ही 65 करोड़ का बिल लंबित है पर विभागों का ध्यान नहीं। वहीं संभागीय मुख्यालय में 53 हजार उपभोक्ताओं में से अधिकांश उपभोक्ताओं को विद्युत कंपनी ने स्मार्ट मीटर लगाया गया। ऐसे 5 हजार रूपए बकाया वाले लगभग 40 से अधिक बकायादार उपभोक्ताओं की घरों में बिना लाइनमेन पहुंचे ही रायपुर से ऑनलाईन में बटन दबाकर लाईन काट दी गई। जिन उपभोक्ताओं पर स्मार्ट नहीं लगा वहां अधिकारियों के साथ लाइनमेन पहुंचकर बकाया की वसूली कर रहे हैं, जो मना करने पर लाईन काटी जा रही है। वहीं दूसरी ओर हाल ही में कंपनी के ईडी ने सातों जिलों के कार्यपालन अधिकारियों एवं सहायक, कनिष्ठ अभियंता की बैठक लेकर डिस्कनेक्शन अभियान की समीक्षा की। इसमें विद्युत कंपनी जगदलपुर (ग्रामीण) संभाग के कार्यपालन अभियंता को बकाया की वसूली कमी होने पर फटकार लगाई।

### उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगाएं

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम एवं जगदलपुर जोन के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बताया कि सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाया जरूरी है। स्मार्ट मीटर लगाने से इंकार करने वाले उपभोक्ताओं की विद्युत लाईन काट दी जाएगी, इसलिए उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगाएं।

### बकाया निरंक पर होगा सम्मान

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र के डीई, एई, जेई को निर्देश दिया कि बकाया की वसूली करें, जिससे बकाया निरंक हो सके। बकाया निरंक होने पर क्षेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कंपनी की ओर सम्मानित किया जाएगा।

# निगम क्षेत्र में जगह-जगह लगे अवैध मोबाइल टॉवर हटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




नगर निगम के अनुमति के बिना लगे मोबाइल टावरों पर कार्रवाई की जाएगी। अनुमति नहीं लेने पर अवैध मोबाइल टावरों को हटाया जाएगा। निगम ने मोबाइल टावरो की संख्या बताने के निर्देश जारी किए

- नवीनीकरण शुल्क जल्द जमा करें निगम को नहीं तो होगी कार्रवाई : संग्राम

हैं। निगम के राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने जिओ टावर के अधिकारियों को नगर निगम में बुलाकर विस्तृत जानकारी ली। जिसमें निगम क्षेत्र में लगे मोबाइल टावरों की सूची मांगी है। इसके साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, कि मोबाइल टावर लगाने की मंजूरी ली जाए। जरूरी शुल्क निगम में जमा की जाए। ऐसा नहीं करने पर निगम की ओर से सख्त कार्यवाही की जाएगी।निगम सभापति राजस्व राणा ने कहा टेलीकॉम कंपनियों द्वारा लगाई गई टावरों की नवीनीकरण शुल्क निगम को तीन सालो से अप्राप्त है, जो एक साल का नवीनीकरण शुल्क 30000 होता है,ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है। ऐसी टेलीकॉम कंपनियां नवीनीकरण शुल्क जल्द से जल्द नगर निगम को जमा करवाए। नगर निगम क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने के लिए बेहद कम कंपनियों ने अनुमति ली है। आंकड़ों के मुताबिक 77 मोबाइल टॉवर के लिए ही अनुमति ली गई है जबकि निगम क्षेत्र में 137 से अधिक मोबाइल टावर लगे हुए हैं।

राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा मोबाइल टावर लगाने के लिए केंद्र सरकार की टेलीकॉम मंत्रालय में नियम बनाए हुए हैं बड़ा सवाल यह है कि निगम में इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल टावर आखिर कैसे लग गए।अवैध टावरों को जल्द हटाया जाएगा।

## कैरम व शतरंज में महिला-पुरुष जूनियर व सीनियर ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज के बैनर तले श्री ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज के बैनर तले जैनिज्म परिवार द्वारा आयोजित इंडोर गेम कार्निवल सीजन 2 का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर मोबाइल प्याऊ का विधिवत्त शुभारंभ एवं उद्घाटन समाज के वरिष्ठ गणमान्य सदस्यों एवं समाज के पदाधिकारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में आयोजित कैरम प्रतियोगिता के विजेताओ के जूनियर वर्ग में राहुल मिन्नी -मीनल मिन्नी रौनक पारख- सक्षम कोठारी,महिला सीनियर वर्ग में सीमा सालेचा - संगीता बुरड़ -पूजा श्री श्रीमाल भूमिका पारख,पुरुष वर्ग सीनियर में हेमंत सालेचा पवन सालेचा प्रियांशु सुराणा राजा दूग्गड ने मिक्स कपल्स वर्ग में सीमा सालेचा सिद्धार्थ सालेचा एवं संगीता बुरड़ एवं हेमंत सालेचा रहे। चेस प्रतियोगिता में रुचि मालू आराध्या का गो साक्षात कोचर संयम सांखला आयुष जैन शंकर सांखला विजेता रहे कार्यक्रम में 12 अन्य मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया साथी फन एंड फूड की व्यवस्था भी रखी गई थी।

कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष भंवर बोथरा,अनूप जैन एवं पदाधिकारी में नरेंद्र ढेलड़िया, अनिल कागोत, अशोक पारख, देवीचंद चोपड़ा, प्रकाश बाफ, मनोहर गोलछा, श्रीपाल दुग्गड देवीचंद संचेती, मनोहर लुनिया एवं संस्था से सन्नी लुक्कड मयंक टाटिया मोहित बाफना संदीप कागोत राजू दुग्गड महावीर बाफना सुनील भंडारी प्रतीक बंगानी विकास कोचर महावीर तातेड श्रेणिक श्रीश्रीमाल नीरज बाफना सौरभ दुग्गड प्रवीण श्रीमाल प्रतीक सुराणा कमलेश बरडिया आदि सदस्य उपस्थित थे।

## आंवराभाठा के रेलवे क्रासिंग पर बनेगा ओव्हर ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/दंतेवाड़ा



बस्तर संभाग के गीदम से दंतेवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 163 ए पर आवराभाठा के रेलवे क्रॉसिंग में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से 260 मीटर लंबा रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है। इसके लिए हाल ही में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों ने सर्वे किया। बताया जा रहा है कि कार्यालय कार्यपालन अभियता लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जगदलपुर अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 163 ए में दंतेवाड़ा (आवराभाठा) शहर के अंतर्गत स्थित रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इसके लिए सर्वेक्षण दल गठित किया गया, जिसमें कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी दंतेवाड़ा निखिल कवर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दंतेवाड़ा लोकांश एल्सा, अनुविभागीय अधिकारी लोनिवि दतेवाड़ा एमके मौर्या, अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग दंतेवाड़ा श्रीमती द्रौपति ठाकुर, सीएसपीडीसीएल सहायक अभियंता नीरज कुजूर, क्रेडा के सहायक अभियंता रविकात भारद्वाज, नगरपालिका परिषद् दतेवाड़ा मुख्य नगरपालिका अधिकारी व्हीके एस. पाल दास ने सर्वे किया। लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ जीएस शोरी ने बताया कि सर्वे की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजा जाएगा, इसकी स्वीकृति होने के बाद टेंडर कर निर्माण कार्य किया जाएगा।




## पंचायत सचिवों की बेमियादी हड़ताल जारी



**बकावंड।** ब्लॉक मुख्यालय बकावंड में पंचायत सचिव संघ के आव्हानपर सचिव 17 दिन से लगातार बेमियादी हड़ताल पर बैठे हैं। मोदी की गारंटी पूरी कराने की मांग को लेकर पंचायत सचिवों की हड़ताल को 18 दिन पूरे होने को हैं, लेकिन आज तक राज्य सरकार सचिव संघ से किए गए वादे को नजरअंदाज करती आ रही है। सचिव संघ के खगेश्वर कश्यप ने कहा कि भाजपा की सरकार बने सवा साल पूर्ण हो रहा है। विधानसभा चुनाव के समय मोदी जी की गारंटी के अनुरूप पंचायत सचिवों को शासकीय कर्मचारी घोषित करने का वादा भाजपा ने किया था। इस साल के बजट सत्र में इस मुद्दे चर्चा तक नहीं की गई। पूरे प्रदेश में पंचायत सचिव हड़ताल माध्यम से अपना हक मांग रहे हैं। हड़ताल पर जनपद पंचायत बकावंड की 93 ग्राम पंचायतों में कार्यरत सभी 70 सचिव हड़ताल पर हैं। पंचायत सचिव रोमसिंह पटेल का कहना है कि हम 17 मार्च से हड़ताल पर डटे हुए हैं। सरकार सिर्फ आश्वासन देती आ रही है। मोदी की गारंटी को पूरा नहीं किया जा रहा है।

# ग्रामीणों को दिए जरूरत के सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नक्सल मुक्त अभियान के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ के निर्देशन में 22 वीं बटालियन ने 27 मार्च को भोपालपटनम थाना अंतर्गत चैरपल्ली एवं मोदकपाल थाना

- 22 वीं बटालियन का कंगोपल्ली में सिविक एक्शन कार्यक्रम

अंतर्गत कंगोपल्ली में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। 22 वीं बटालियन के कमाण्डेंट मोहित कपूर के कुशल नेतृत्व में संजीव कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, पंकज कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, विकास कुमार, सहा. कमाण्डेंट, निरीक्षक, जीडी डी. संतोष कुमार, निरीक्षक, जीडी पंकज कुमार मोदकपाल थानाध्यक्ष निरीक्षक आकाश कुमार एवं भोपालपटनम थानाध्यक्ष निरीक्षक जीवन कुमार जांगले द्वारा चेरपल्ली, दमपाया, रूद्रम, गोरला, सेण्ड्रापल्ली, दुढेड़ा, मिनुर, कंगोपल्ली, गिलगिच्चा, बोयमपल्ली. मिटुपल्ली एवं भट्टीगुडा इत्यादि गाँव के नागरिकों (पुरुष, महिला, बुजुर्गो तथा स्कुल के बच्चों) को स्कूल ड्रेस, बैग तथा खेल एवं मनोरंजन का सामान व साईकिल वितरित किया गया।

इसके आलावा आस-पास के ग्रामीणों को आम जरूरत का सामान जैसे साडी, चप्पल, लूंगी, गमछा कंबल घरेलू बर्तन, कुदाल, गैती, पानी की टंकी, टेलीवीजन, सोलर लैप आदि सामान वितरित किया गया। सिविक एक्सन प्रोग्राम में आये हुए सभी ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी, साथ ही सिविक एक्सन प्रोग्राम के तहत मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टर आशोक नारायण (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) 22 वीं वाहिनी द्वारा आस-पास के जरूरतमंद ग्रामीणों का चिकित्सीय परीक्षण करते हुए आवश्यक दवाएं वितरित की गई।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गांवों के सरपंच, दोनों थानाध्यक्ष के साथ-साथ 22 वीं बाहिनी के कम्पनी कमाण्डर उपस्थित रहे। खेल कुद, स्कूल ड्रेस बैग व स्टेशनरी का सामान पाकर जहां बच्चे काफी उत्साहित थे वही महिलाएं एवं बुजुर्गों के चेहरों पर भी संतोष तथा खुशी की लहर देखी गई।


चेट्रीचंट्र एवं चैत्र नवरात्री
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सिन्ध हार्डवेयर
मशीनरी एण्ड सेनेटरी
भण्डारीपारा रोड, कांकेर
जिसमें आप पायेंगे नल फीटिंग के सामान, इण्डिगो पेन्ट्स
दरवाजे एवं सभी प्रकार के हार्डवेयर सामान उपलब्ध है।
नल फीटिंग, प्लम्बर, बढ़ाई कारीगर उपलब्ध है।
INDIGO
Be surprised!
Jaquar
संबंधित फर्म :-
मोटवानी मोबाईल
हमारे यहाँ सभी प्रकार मोबाईल उपलब्ध है।
रमा लॉज के नीचे, कांकेर
प्रो.: सागर मोटवानी, मो.: 9926175222, 7000171889, रिंकु मोटवानी, मो.:9926843555, 7000171887


सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
के 1075वाँ अवतरण दिवस पर समस्त कांकेरवासियों को
चेट्रीचंड्र जूं
लख्-लख् वाधायूं
श्री हितेन्द्र खटवानी (बब्बु)
पार्षद
वार्ड क्रमांक 12
मांझापारा, कांकेर
विनीत : एक शुभचिंतक


चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं
राजकुमार जनरल स्टोर
मेन रोड, कांकेर,
राजकुमार फब्यानी
राकेश फब्यानी
विजय फब्यानी
किराना के होल सेल व्यापारी
मो. 9425266706, 9425259106, 07868222906


सिंधी समाज के आराध्य देव
श्री झूलेलाल भगवान जी
के 1075वाँ अवतरण दिवस पर समस्त कांकेरवासियों को
चेट्रीचंड जूं लख्-लख् वाधायूं
श्री राकेश मोटवानी
श्री सुनील लच्छानी
श्री अजय मंगलानी
श्री अमित अंदानी
श्री मनीष देवनानी
श्री सन्नी खटवानी
श्री सचिन गिडलानी
श्री सुमित पंजाबी
श्री दीपक पंजवानी
श्री पंकज ठाकुर
श्री मोंटी खटवानी
श्री सुमित मंगलानी
श्री मनीष केशवानी
श्री आकाश मंगलानी
श्री आशीष फब्यानी
श्री रोहित मोटवानी
श्री प्रशांत खटवानी
श्री विशाल गोलानी
श्री राहुल मोटवानी
श्री आयुष मंशानी
श्री ऋतिक आहुजा
श्री आकाश बजाज
श्री तुषार लच्छानी
श्री भरत केशवानी
श्री सागर मुलचंदानी
श्री पीयूष मंशानी
श्री सूरज मोटवनी
श्री प्रिंस गिडलानी
श्री रजत असरानी
विनीत : सिंधी युवा विंग, कांकेर